ESIT विज़न व श्रवण जाँच:

तीन-आयामी पहुँच (Three-pronged approach) के लिए एक फ़ैमिली गाइड

कोई भी बच्चा इतना छोटा नहीं होता कि उसकी दृष्टि और श्रवण शक्ति की जाँच न की जा सके।

दृष्टि और श्रवण शक्ति की जाँच क्यों करनी चाहिए?

दृष्टि और श्रवण वे ज़रूरी तरीके हैं जिनके द्वारा बच्चे अपनी दुनिया के बारे में सीखते हैं। श्रवण शक्ति और दृष्टि संबंधी चिंताओं का जल्द पता लगाने से आपके बच्चे के विकास में मदद मिलेगी। आपको शुरू से ही वो मदद मिल जाएगी जिसकी आपको ज़रूरत है।

तीन-आयामी पहुँच क्या होता है?

तीन-आयामी पहुँच वो होता है जिसमें आपका **ESIT (Early Support for Infants and Toddlers (शिशुओं और बच्चों के लिए प्रारंभिक सहायता))** प्रोवाइडर आपके बच्चे की दृष्टि और श्रवण शक्ति से संबंधित चिंताओं की जाँच कैसे करेगा। ये कोई औपचारिक टेस्ट नहीं है और कान या नेत्र चिकित्सक से पूर्ण मूल्यांकन की जगह नहीं ले सकता। तीन-आयामी पहुँच हमें ये जानने में मदद करेगी कि क्या आपके बच्चे को पूरे विज़न या श्रवण मूल्यांकन की ज़रुरत है।

तीन-आयामी पहुँच के दौरान क्या होता है?

आपका ESIT प्रोवाइडर:

- आपसे उन चिंताओं के बारे में बात करेगा जो आपके बच्चे के देखने और सुनने के तरीके के बारे में हो सकती हैं।
- देखेगा कि आपका बच्चा खेलते समय और रोज़मर्रा की चीज़ें करते समय अपने विज़न और श्रवण शक्ति का इस्तेमाल कैसे करता है।
- आपके बच्चे के मेडिकल रिकॉर्ड देखेगा। वो आपसे इस बारे में पूछेगा कि आपके डॉक्टर ने आपके बच्चे के स्वास्थ्य और विकास के बारे में आपको क्या कहा।

तीन-आयामी पहुँच के बाद क्या होता है?

अगर इससे संबंधित कोई चिंता है कि आपका बच्चा कैसे देखता या सुनता है, तो आप और आपका ESIT प्रोवाइडर एक फ़ॉलो-अप प्लान बनाएँगे। इस प्लान में मेडिकल प्रोवाइडर्स द्वारा मूल्यांकन और/या ESIT प्रोवाइडर द्वारा ख़ास शिक्षण शामिल हो सकता है।

इसकी कीमत कितनी है?

ये आपके लिए निःशुल्क है। ये तीन-आयामी पहुँच मुफ़्त ESIT मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा है।

और कोई सवाल हैं?

हम आपके बच्चे के विकास में मदद करने के लिए आपको सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अगर आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने ESIT प्रोवाइडर से पूछें।

DCYF नस्ल, रंग, लिंग, धर्म, पंथ, वैवाहिक स्थिति, राष्ट्रीय मूल, यौन अभिविन्यास, आयु, वयोवृद्ध की स्थिति, या किसी शारीरिक, संवेदी, या मानसिक विकलांगता पर ध्यान दिए बिना कोई भेदभाव नहीं करता है और सभी लोगों के लिए अपने कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए समान पहुँच प्रदान करता है।

अगर आप किसी वैकल्पिक फ़ॉर्मेट या भाषा में इस प्रकाशन की मुफ़्त प्रतियाँ चाहते हैं, तो कृपया DCYF Constituent Relations (DCYF कॉन्स्टिट्यूएंट रिलेशंस) से 1-800-723-4831 पर संपर्क करें या ईमेल करें ***communications@dcyf.wa.gov****.*

DCYF PUBLICATION EL_0069 HI (05-2023) Hindi

Washington State Department of
CHILDREN, YOUTH & FAMILIES